**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 06 सितंबर -- 2026  समय 1305 (05 मिनट)**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज रेवाड़ी के राव तुलाराम स्टेडियम से नशे के विरुद्ध आयोजित हाफ मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिले के लाखों युवाओं ने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी नशे से बचाने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री ने रेवाड़ी के लोगों को नशा मुक्ति के संकल्प के लिए किए गए इस आयोजन के लिए शुभ कामनाए दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा, खेल युक्त हरियाणा और शिक्षित हरियाणा के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है।हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत हर महीने किसी न किसी जिले में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखते हुए खेल और शिक्षा से जोड़ना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों की करीब 11 करोड़ रुपये की संपत्ति को ध्वस्त किया गया है। वर्ष 2014 के बाद से नशे के विरुद्ध अभियान को तेज किया गया है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में उत्तर पूर्व छात्र उत्सव के नौवें संस्करण के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री किरण रिजिजू भी शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के गुरुग्राम, फरीदाबाद और सोनीपत जैसे शहरों में भारी संख्या में पूर्वोत्तर के भारी संख्या में युवा रोजगार कर रहे हैं और हरियाणा सरकार उन्हें पूर्ण रूप से सहयोग दे रही है।

मुख्यमंत्री ने युवाओं से कृत्रिम मेधा का जिक्र करते हुए तकनीक को अपना साथी बनाने को कहा।

केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कल 'स्वच्छता ही सेवा 2026' की तैयारियों की समीक्षा के लिए वर्चुअल माध्यम से जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अंतर मंत्रालयी बैठक की। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, श्री मनोहर लाल ने कहा कि जैसे ही यह अभियान अपने नौवें संस्करण में प्रवेश कर रहा है, देश एक स्वच्छ और स्वस्थ भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहरा रहा है। उन्होंने नागरिकों से आगे आने, पूरे दिल से अभियान में भाग लेने और 'स्वच्छता ही सेवा' को एक सच्चा जन-आंदोलन बनाने का आग्रह किया। काबिले गौर है कि 'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान इस महीने की 17 तारीख से 2 अक्तूबर तक चलाया जाएगा।

---

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और जनसेवा के 25 साल पूरे होने के मौके पर, 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक चलने वाले ‘सेवा संकल्प अभियान’ के सफल आयोजन के लिए कल चंडीगढ़ में राज्य-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे राज्य के सभी 23 जिलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं और हरियाणा की प्रमुख विकास परियोजनाओं की पहचान करें और अभियान के दौरान इन जगहों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करें। 17 सितंबर की शाम को, लाभार्थियों और आम जनता के घरों में जाकर राज्य के हर बूथ पर ‘आशीर्वाद का दीया’ जलाने के निर्देश भी दिए गए। श्री नायब सिंह ने विश्वविद्यालयों में सेमिनार आयोजित करने को भी कहा ताकि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश में किए गए विकास और कल्याणकारी कार्यों, और इनसे लोगों के जीवन में आए बदलावों के बारे में आम लोगों को बताया जा सके।

************************************************************

**********